# गणतंत्र दिवस आज, प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण करेंगी

झुंझुनूं,(निसं)। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर आयोजित होगा, जहां पर जिले की प्रभारी मंत्री ममता भूपेश ध्वजारोहण करेंगी। जिला कलक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने बताया कि 26 जनवरी को प्रात: 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, इसके बाद पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय धुन एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा, मुख्य अतिथि इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगी और मार्च.पास्ट एवं सलामी लेंगी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश प्रसाद गौड की और से महामहिम राज्यपाल के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस दौरान शहीद सैनिकों के आश्रितों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

इनका किया जाएगा सम्मान: शहीद वीरांगना बबीता देवी पत्नी शहीद नायब सूबेदार अमीलाल, सविता देवी पत्नी शहीद मुख्य आरक्षक राकेश कुमार बाबल, तारामणि पत्नी शहीद सूबेदार राजेंद्र प्रसाद, विन्तोष पत्नी शहीद हवलदार सत्यपाल को सम्मानित किया जाएगा । छात्र-छात्र एवं उत्कृष्ट खिलाडी वर्ग में तनुप्रिया पुत्री सुरेंद्र कुमार, अक्षय गरसा पुत्र जरनैल सिंह, नरेश चौधरी पुत्र अशोक पचार, तनुश्री धनकड पुत्री श्री जय सिंह धनखड को सम्मानित किया जाएगा।

स्काउट गाइड के शिव प्रसाद वर्मा को वहीं अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग में जिला रसद अधिकारी कपिल झाझडिया, मुख्य आयोजना अधिकारी विशिष्ट कुमार शर्मा, चिडावा उपखंड अधिकारी संदीप चौधरी, आई आर ए कार्यालय के महेंद्र सिंह ढाका, सुपरवाइजर पूजा कुमारी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासर के अध्यापक सुधींद्र मोहन, जिला कलेक्ट्रेट के कनिष्ठ सहायक शाकिब हुसैन, संदीप शर्मा, सहायक कर्मचारी भंवर सिंह, वाहन चालक अमरचंद, उपखंड कार्यालय खेतडी के वरिष्ठ सहायक मनीष भारद्वाज, चमेली देवी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बुहाना की प्रधानाचार्य मंजू प्रतिभा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देव रोड की प्रधानाचार्या सीमा दूत, कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं के वरिष्ठ सहायक पंकज कुमार मीणा, मिसबाउद्दीन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा के सहायक कर्मचारी सुरेंद्र सिंह कालेर, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रोग्रामर घनश्याम सैनी, डाइट व्याख्याता महेश कुमार, राजकीय आयुर्वेद औषधालय डूमोली खुर्द के डॉक्टर हरिशंकर शर्मा, गिडानिया के सेवानिवृत्त सूबेदार सत्यवीर सिंह, प्रशासनिक सुधार विभाग के सहायक प्रोग्रामर अरविंद कुमार जांगिड, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलिहान नगर खेतडी की अध्यापिका पूजा, पंचायत समिति झुंझुनूं के सहायक अभियंता अमित चौधरी, पटवार हल्का इस्लामपुर की पटवारी संगीता कुमारी, अलसीसर ब्लॉक सुपरवाइजर सुनीता कुमारी, उप वन संरक्षक झुंझुनूं के केटलगार्ड रामस्वरूप सिंह, मनरेगा मेट सुरेश कुमार, एम जी जी एस इंडाली की वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक करूणा शर्मा, बीडीके अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर शहनवाज कुरैशी, परिवहन निरीक्षक सुमित कुमार, नगर परिषद झुंझुनूं के सफाई कर्मचारी शीशराम सैनी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय इण्डाली के वरिष्ठ सहायक अजय कुमार, बीडीके अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुजाता, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामेश्वर सिंह, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहायक प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र कुमार, जिला औषधि भंडार की सूचना सहायक नीलम, बीआरकेजीबी बैंक मैनेजर अजय कुमार, एसबीआई मुकुंदगढ के मैनेजर विवेक नेहरा, पंचायत समिति बुहाना की कनिष्ठ सहायक अनिल कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों की श्रेणी में:- झुंझुनूं एकेडमी के निदेशक आकाश मोदी, आर्टिजन नरेश कुमार, सरपंच ग्राम पंचायत चिराणा राजेंद्र सिंह शेखावत, बी एल रणवा सचिव डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद, रोहिताश कुलहरी आरके हॉर्स एंड कैमल फार्म बिबासर, गोपीनाथ केशव गोशाला समिति खेतडी, श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ का सम्मान हुआ, मतदान का महत्व बताया

झुंझुनूं,(निसं)। सूचना केंद्र सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर्स का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए जिला कलक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारतीय निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति के मत का अपना महत्व है, इसलिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में एडीएम जे.पी. गौड ने वोटर हैल्पलाईन एप के बारे में विस्तार से बताते हुए मतदाता सूची के विभिन्न आवेदन पत्रों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद सभी को मतदान दिवस की शपथ दिलवाई गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा
## पंचायत समिति बीदास (चूरू)

क्रमांक :- ग्राप.लुहारा/2022-23/37-41 दिनांक 24.01.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2022-23**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा SPPPortal पर Upload कर दी गयी है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क निर्माण कार्य सांडवा से कृष्णा पब्लिक स्कूल की ओर लुहारा | 1030000 | 20600 |
| 2 | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 26.01.2023 को सांय 6 बजे से 04.02.2023 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैंकर्स चैक व अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 04.02.2023 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 04.02.2023 को दोपहर 3 बजे | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajastha.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO:. ZCR2223A0854, UBN NO:.ZCR2223WSOB001477 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा
## पंचायत समिति बीदास (चूरू)

क्रमांक :- ग्राप.लुहारा/2022-23/42-46 दिनांक 24.01.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2022-23**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा SPPPortal पर Upload कर दी गयी है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क निर्माण कार्य राजकीय चिकित्सालय भवन से प्रभुराम बेनीवाल के घर तक ग्राम पंचायत लुहारा | 735000 | 14700 |
| 2 | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 26.01.2023 को सांय 6 बजे से 04.02.2023 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैंकर्स चैक व अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 04.02.2023 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 04.02.2023 को दोपहर 3 बजे | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajastha.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO:. ZCR2223A0855, UBN NO:.ZCR2223WSOB001478 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लुहारा**


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



निर्मला देवी
सरपंच ग्राम पंचायत बीरमसर

परमाराम नेहरा
समाजसेवी बीरमसर

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



विद्या देवी
सरपंच ग्राम पंचायत दाउदसर

ओमप्रकाश पारीक
समाजसेवी दाउदसर

गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

SCIENCE KPS COMMERCE
ARTS AGRICULTURE

Hindi & English Medium Co-Education School (Nursery to XII) College (B.A. & B.Sc.)

Near Pujari Petrol Pump, Salasar Road. Ratangarh
+91 8005622727
+ 91 9928083468



ओमप्रकाश गोदारा
निदेशक

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस व बंसत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



जगजीतसिंह राठौड़
सरपंच ग्राम पंचायत पड़िहारा
जगदंबा इंटरप्राईजेज पड़िहारा रतनगढ़
मो.-9001567999

74वां गणतंत्र दिवस

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

जय हिन्द



"हम कर्तव्य पथ पर चलते हुए ही समाज और देश को सशक्त कर सकते हैं। अगर लगन हो, अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता हो, तो एक व्यक्ति भी, पूरे समाज का भविष्य बदल सकता है।"

- नरेन्द्र मोदी

cbc 22201/13/0155/2223

कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह के विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 9:00 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर